राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद संख्या–31 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री विसुनपद सिंह, वार्ड अध्यक्ष, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, वार्ड नं0–17 बापू नगर, नगर परिषद बोध गया, पो0–भलुआ, जिला–गया–824231

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
02.06.2023	श्री विसुनपद सिंह, वार्ड अध्यक्ष, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, वार्ड नं0–17 बापू नगर, नगर परिषद बोध गया, पो0–भलुआ, जिला–गया–824231 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–30.05.2023 इस कार्यालय में दिनांक–02.06.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–54F 079282 दिनांक–शून्य संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी श्री विसुनपद सिंह ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–24.04.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना नहीं दिये जाने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही अपीलार्थी श्री यादव ने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–24.04.2023 की प्रति भी संलग्न किया है। लोक सूचना पदाधिकारी से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–24.04.2023 से संबंधित अभिलेख की मॉंग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–27.06.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापाक-...894.... दिनांक-06.06.2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री विसुनपद सिंह, वार्ड अध्यक्ष, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, वार्ड नं0-17 बापू नगर, नगर परिषद बोध गया, पो0-भलुआ, जिला-गया-824231 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी